झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

**5 Sept 2024**

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

Daily Current Affairs Booster


**Website :** www.rnsacademy.in
**Email :** academyrns@gmail.com

**Contact : 8084818282, 9113365645**


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 5 सितंबर का इतिहास

- **1888 :** भारत के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म हुआ।
- **1914 :** ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम और रूस के बीच लंदन समझौता हुआ।
- **2008 :** रतन टाटा के नेतृत्व में सोसायटी ऑफ इण्डियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स (सियाम) के प्रतिनिधिमण्डल ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भेट की।
- **1997 :** विश्व प्रसिद्ध समाज सेविका मदर टेरेसा का निधन हुआ।

## 5 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 5 सितंबर 2024 को प्रदान किए जाएंगे। इनका चयन स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा कठोर, पारदर्शी ओर ऑनलाइन तीन चरणीय चयन प्रक्रिया, यानी जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के माध्यम से किया गया है। चयनित 50 शिक्षक 28 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेशों ओर 6 संगठनों में से हैं।
- भारतीय सेना ने भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की सहायता के लिए प्रोजेक्ट नमन की शुरूआत की। भारतीय सेना ने प्रोजेक्ट नमन का पहला चरण शुरू किया है। यह रक्षा पेंशनभोगियों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को समर्पित सहायता ओर सेवाएं प्रदान करेगा। प्रोजेक्ट नमन के पहले चरण के तहत विभिन्न स्थानों पर 14 कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए गए हैं। इस परियोजना का काफी विस्तार होगा और अगले 2 से 3 वर्षो में देश भर में लगभग 200 केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य है।
- आतंकवाद के शिकार नागरिक के पति पत्नी और बच्चे इन सीटों के हकदार है। सरकार का उद्देश्य हिंसक अपराधों से प्रभावित लोगों को सहायता और शैक्षिक संभावनाएं प्रदान करके उनकी मदद करना है। आतंकवाद के कारण अपने माता पिता दोनों को खोने वाले बच्चों को प्राथमिकता दी गई है, उसके बाद उन बच्चों को प्राथमिकता दी गई है जिनके परिवारो ने अपने एकमात्र कमाने वाले को खो दिया है।
- गुजरात में कच्छ तट और पाकिस्तान के आसपास के इलाकों में चक्रवात असना आया। चक्रवात असना के कारण गुजरात के विभिन्न स्थानों पर भारी वर्षा हुई है। यह 1976 के बाद अगस्त में अरब सागर में आने वाला पहला चक्रवाती तूफान है। 1891 से 2023 के बीच अगस्त में अरब सागर में केवल तीन चक्रवाती तूफान आए।
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक श्री गिरीश चंद्र मूर्मु और सऊदी जनरल कोर्ट ऑफ ऑडिट के अध्यक्ष डॉ. हुसाम अल अंगारी ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र की लेखा परीक्षा के क्षेत्र में दोनो देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना है।
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मिक्स्ड मैट्रिक्स मेम्ब्रेन नामक दो या अधिक सामग्रियों से बनी एक नई विकसित कम्जोजिट मेम्ब्रेन विकसित की हैं। यह प्रयोगशालाओं या औद्योगिक सेटिंग्स में अमोनिया या अन्य एमाइन लीक का पता लगाने में मदद करेगी। अमोनिया और अन्य एलिफैटिक एमाइन मनुष्यों के लिए खतरनाक है। इनका उपयोग रासायनिक, उर्वरक और खाद्य उद्योगों के लिए कच्चे माल के रूप में किया जाता हैं। वे अत्यधिक विषैले और संस्थापक होते हैं और पर्यावरण में फैल जाते हैं। प्रभावी पर्यावरण ओर जल निगरानी के लिए अमोनिया का पता लगाना आवश्यक है।
- पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग ने नई दिल्ली में 7वें अनुभव पुरस्कार समारोह का आयोजन किया। यह सरकारी कर्मचारियों द्वारा सेवा में दिए गए योगदान को मान्यता देने के लिए आयोजित किया गया हैं। पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण सचिव वी. श्रीनिवास ने पांच अनुभव पुरस्कार प्रदान किए। नौ विभिन्न विभागों एवं मंत्रालयों के कर्मचारियों को 10 जूरी प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।
- नेपाल पर्यटन बोर्ड ने आजीविका पुनर्प्राप्ति परियोजना के लिए सतत पर्यटन की श्रेणी में यह पुरस्कार जीता है। एनटीबी को समुदाय आधारित पर्यटन में तीसरी बार पीएटीए पुरस्कार मिला हैं। पीएटीए गोल्ड अवार्ड पर्यटन रोजगार के अवसर पैदा करने में एसटीएलआरपी के प्रयासों को मान्यता देता है। यह नेपाल के सभी सात प्रांतों में सतत पर्यटन विकास को बढ़ाने में एसटीएलआरपी के प्रयासों को भी मान्यता देता है।
- सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड, एनएचपीसी लिमिटेड, रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ओर सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा नवरत्न का दर्जा दिया गया। रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया 22वां नवरत्न बन गया है, इसके बाद सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया 23वें एनएचपीसी 24वें और सतलुज जल विद्युत निगम 26वें नवरत्न है।
- अवनि लेखरा दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी। 2020 टोक्यो पैरालिंपिक में वह निशानेबाजी में पदक जीतने वाली देश की पहली महिला निशानेबाज बनी।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. शिक्षक दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 3 सितंबर (B) 4 सितंबर
(C) 5 सितंबर (D) 6 सितंबर

**(C)** शिक्षक दिवस पूरे भारत में उत्साह के साथ मनाया जाता है। हर साल 5 सितंबर को देश में शिक्षक दिवस मनाया जाता हैं। यह दिन भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता हैं। डॉ. राधाकृष्णन एक महान शिक्षाविद् और दार्शनिक थे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान दिया था। इस दिन, छात्र अपने शिक्षकों के प्रति आभार और सम्मान व्यक्त करते है।




**2. अंतर्राष्ट्रीय दान दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 5 सितंबर (B) 6 सितंबर
(C) 7 सितंबर (D) 8 सितंबर

**(A)** हर साल 5 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय दान दिवस यानी अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी दिवस मनाया जाता हैं। इसे हंगरी में सबसे पहली बार मनाया गया था। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2012 में हर साल 5 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने की घोषणा की। इसका उद्देश्य धार्मिक स्थलों की सहायता करना हैं। इसके लिए दान दिया जाता है। भारत में दान की प्राथमिकता प्राचीन काल से है।




**3. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने भारत के सबसे किफायती 'एयरो लाउंज' का शुभारंभ किया है ?**

(A) गुजरात (B) महाराष्ट्र
(C) कर्नाटक (D) केरल

**(D)** हाल ही में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कोच्चि एयरपोर्ट पर 0484 एयरो लाउंज का उद्घाटन किया। देश का सबसे बड़ा एयरो लाउंज एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 पर स्थित है। सस्ती विलासिता की अवधारणा पर निर्मित कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड ने कहा कि यह यात्रियों को बजट दरों पर विश्व स्तरीय हवाई अड्डे का अनुभव प्रदान करेगा।




**4. हाल ही में धुलीखेल किस देश का पहला WHO मान्यता प्राप्त स्वस्थ शहर बना है?**

(A) नेपाल (B) भूटान
(C) म्यांमार (D) जापान

**(A)** हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कावेरेपालनचोक जिले के धुलीखेल नगर नेपाल का पहला स्वस्थ शहर ओर एशिया का दूसरा सबसे स्वस्थ्य शहर बताया है। 2014 से धुली नगर पालिका ने इस प्रतिष्ठा को प्राप्त करने के लिए कई कार्यक्रम लागू किए गए है। स्वस्थ शहर बनने की दिशा में चलाए जा रहे अभियान में नेपाल के सबसे स्वस्थ शहर का पता लगाने के लिए 2021 से विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निगरानी की जा रही है।




**5. हाल ही में किसने IAF हीरोज कॉमिक बुक लांच की है ?**

(A) राजनाथ सिंह (B) दलजीत सिंह चौधरी
(C) बी.आर. चौधरी (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में भारतीय वायु सेना के वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने हीरोज ऑफ द इंडियन एयर फोर्स श्रृंखला की पहली कॉमिक बुक लॉन्च की। भारतीय राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के महाप्रबंधक अनुभव खंडूरी और उनकी टीम ने पुस्तक के विकास और डिजाइन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



**6. हाल ही में भारत ने किस देश को हाइब्रिड विद्युत परियोजना के लिए पहला भुगतान किया है ?**

(A) नेपाल (B) श्रीलंका
(C) जर्मनी (D) मालदीव

**(B)** हाल ही में श्रीलंका में भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने उत्तरी जाफना के पास तीन श्रीलंकाई द्वीपों पर हाइब्रिड बिजली परियोजनाओं के लिए पहला भुगतान सौंपा। ये परियोजनाएं डेल्फ्ट, नैनातिवु ओर अनलाईतिवु द्वीपों 1.1 करोड़ डॉलर की भारतीय अनुदान सहायता के तहत क्रियान्वित की जा रही है। इनके तहत तीनों द्वीपों में हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली स्थापित की जाएगी।



**7. हाल ही में किसे PATA Gold Award 2024 प्रदान किया गया है ?**

(A) केरल पर्यटन (B) गोवा पर्यटन
(C) ओडिशा पर्यटन (D) राजस्थान पर्यटन

**(A)** हाल ही में केरल पर्यटन को डिजिटल मार्केटिंग अभियान श्रेणी में अपने अभिनव हॉलिडे हीस्ट अभियान के लिए पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन (PATA) गोल्ड अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान रचनात्मक डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए केरल के असाधारण प्रयासों को उजागर करता है।




**8. हाल ही में श्रीराम कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ने किसे अपना MD&CEO नियुक्त किया है ?**

(A) संजीव रैना (B) बी श्रीनिवासन
(C) सुभाश्री (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** हाल ही में श्रीराम समूह की होल्डिंग कंपनी श्रीराम कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ने कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ के रूप में सुभाश्री की नियुक्ति की घोषणा की। वर्तमान में संयुक्त प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत सुभाश्री एमडी ओर सीईओ के रूप में अपनी नई भूमिका संभालेगी। श्रीराम समूह के साथ सुभाश्री का जुड़ाव 1991 में एनबीएफसी कारोबार में एक अधिकारी के रूप में शुरू हुआ।




**9. हाल ही में किसने राजगीर में खेल विश्वविद्यालय का उद्घघाटन किया है ?**

(A) नरेंद्र मोदी (B) नीतीश कुमार
(C) राजेंद्र अर्लेकर (D) अमित शाह

**(B)** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर में अत्याधुनिक खेल अकादमी, खेल परिसर और खेल विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। खेल परिसर में 24 बिस्तरों वाला अस्पताल भी है, जिसमें खेल से होने वाली चोटों के लिए आधुनिक उपचार की सुविध ा हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह देश का पहला ऐसा खेल स्थल होगा, जिसमें एक ही स्थान पर खेल परिसर और खेल विश्वविद्यालय होगा।




**10. हाल ही में मूडीज ने वित्त वर्ष 2024 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर कितने प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है ?**

(A) 6.4% (B) 6.5%
(C) 6.9% (D) 7.2%

**(D)** हाल ही में मूडीज ने मजबूत व्यापक आधारित विकास का हवाला देते हुए भारत के आर्थिक विकास के अनुमान को क्रमशः 2024 के लिए 7.2% और 2025 के लिए 6.6% तक संशोधित किया। पहले अनुमान क्रमशः 6.8% और 6.4% था। न्यूयॉर्क स्थित रेटिंग कंपनी ने कहा कि यदि चक्रीय गति, विशेष रूप से निजी उपभोग के लिए अधिक गति पकड़ती है, तो भारत के लिए संभावित रूप से उच्च विकास पूर्वानुमानों को मान्यता दी गई है।

